6 माइल, सामदुर, तादोंग -737102
गंगटोक, सिक्किम, भारत
फोन-03592-251212, 251415, 251656
टेलीफैक्स -251067
वेबसाइट - www.cus.ac.in

सिक्किम विश्वविद्यालय
SIKKIM UNIVERSITY

6th Mile, Samdur, Tadong -737102
Gangtok, Sikkim, India
Ph. 03592-251212, 251415, 251656
Telefax: 251067
Website: www.cus.ac.in

(भारत के संसद के अधिनियम द्वारा वर्ष 2007 में स्थापित और नैक (एनएएसी) द्वारा वर्ष 2015 में प्रत्यायित केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A central university established by an Act of Parliament of India in 2007 and accredited by NAAC in 2015)

**SU/REG/Acad/F-1/13/2020/Vol-IV/ 898** **दिनांक: 20.10.2020**

**परिपत्र - 45 / 2020**

**विषय : पीएचडी में अतिरिक्त सीट के लिए आवेदन पत्र का आमंत्रण**

सिक्किम विश्वविद्यालय द्वारा विश्वविद्यालय के नियमित संकाय सदस्यों और कर्मचारियों तथा सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित संकाय सदस्यों के लिए प्रत्येक विभाग में पीएचडी में एक अतिरिक्त सीट प्रदान किया जा रहा है। यूजीसी द्वारा सह प्राध्यापक और प्रोफेसर के लिए निर्धारित समग्र सीमाओं के अंतर्गत किसी प्रोफेसर अथवा सह प्राध्यापक के अंदर में यह अतिरिक्त सीट आवंटित की जाएगी। इस योजना के अंतर्गत आवेदन करनेवाले प्रार्थियों को विभाग द्वारा आयोजित लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में शामिल होना होगा।

अगर चयनित किया जाता है तो ऐसे प्रार्थियों को मानविकी और सामाजिक विज्ञान विभागों के मामले में छः महीने और विज्ञान विभागों के मामले में दो वर्षों का अवकाश लेना होगा और नियोक्ताओं से अवकाश मंजूरी आदेश प्रस्तुत करना होगा।

सिक्किम विश्वविद्यालय के नियमित संकाय सदस्यों और विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालयों के नियमित संकाय सदस्यों और विश्वविद्यालय के कर्मचारियों से पीएचडी पाठ्यक्रम में अतिरिक्त सीटों के अंतर्गत अर्हता डिग्री के अंकपत्र की एक प्रमाणित प्रति और साथ-ही-साथ कुलसचिव, सिक्किम विश्वविद्यालय के नाम से गंगटोक में देय सामान्य, ओबीसी वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडबल्यूएस) के लिए रु.600/- और एससी/एसटी/पीडबल्यूडी के लिए रु. 300/- के डिमांड ड्राफ्ट के साथ कुलपति, सिक्किम विश्वविद्यालय को संबोधित करते हुए सादे कागज में आवेदन-पत्र आमंत्रित किया जाता है। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **दिनांक 2 नवंबर 2020 को कार्य समय तक** है।

तेज कृष्ण कौल
**(टी.के.कौल)**
**कुलसचिव**
कुलसचिव
Registrar
सिक्किम विश्वविद्यालय

**वितरण :**

1. कुलपति के सूचनार्थ कुलपति के निजी सचिव
2. कुलसचिव के निजी सचिव
3. अध्ययन विद्यापीठ के डीन
4. छात्र कल्याण डीन
5. सभी विभागों के विभागाध्यक्ष/प्रभारी
6. सभी सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य
7. सिक्किम विश्वविद्यालय के सभी कर्मचारी सदस्य
8. कार्यालय प्रति
9. सुरक्षा फ़ाइल